कंठस्थ अनुवाद टूल पर तीन दिवसीय राजभाषा प्रशिक्षण

भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद , देहरादून तथा भा.वा.अ.शि.प.-वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून के संयुक्त तत्वावधान में संस्थान के सूचना प्रौद्योगिकी एवं जीआईएस शाखा में दिनांक 27 से 29 मई 2024 तक **'कंठस्थ अनुवाद टूल'** विषय पर तीन दिवसीय हिंदी प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। प्रथम दिवस के उद्घाटन सत्र के अवसर पर डॉ . गीता जोशी , सहायक महानिदेशक (मीडिया एवं विस्तार प्रभाग), भा.वा.अ.शि.प. तथा श्री आर. आनंद, कुलसचिव, भा.वा.अ.शि.प.-वन अनुसंधान संस्थान ने उपस्थित प्रतिभागियों को प्रेरित करते हुए संबोधित किया। कार्यशाला का उद्देश्य राजभाषा विभाग तथा सी-डैक पुणे द्वारा विकसित अनुवाद टूल कंठस्थ पर सामान्य जानकारी देना और उस पर अभ्यास कराना है। कार्यालयीन कामकाज तथा सामान्य कार्यों में कंठस्थ का उपयोग करते हुए सटीक अनुवाद कैसे किया जाए इस पर प्रतिभगियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण कार्यशाला का संचालन श्री शंकर शर्मा, सहायक निदेशक (राजभाषा) ने किया और इसमें श्री सागर थापा, तकनीशियन का सहयोग रहा। कार्यशाला में कुल 39 प्रतिभागी उपस्थित रहें।